हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

6 विक्षोभ की सक्रियता से चली धूल भरी आंधी, हुई बारिश








## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम चेरा बहार के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार केदमा अंतर्गत ग्राम बट परगा निवासी मनोज एक्का आ. सुन्दर साय एक्का (37 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में ग्राम केदमा गया था। शाम को अकेले बाइक से घर लौटने लगा और जैसे ही चेरा बहार के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज तड़के युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा शव, पेंडारी की घटना

# पेड़ से टकराई बाइक, तीन दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

**खास बात**

- छठी कार्यक्रम के बार जा रहे थे आर्केष्ट्रा देखने

बीती रात आर्केस्ट्रा देखकर वापस लौट रहे युवकों की बाइक पेंडारी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल युवक रातभर सड़क किनारे ही पड़े रहे और तीनों दोस्तों की मौत हो गई।

मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजा गया। मृतकों की शिनाख्त के बाद शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। एक साथ तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि ग्राम पेंडारी निवासी 23 वर्षीय अमरेश कुमार मरकाम आ. हरदयाल मरकाम, कोटराही निवासी 25 वर्षीय ब्रिजेंद्र कुमार आ. गया राम व परसडीहा निवासी 27 वर्षीय अमन कुमार भारती आ. तलमन भारती अंबिकापुर में रहकर दुकान में काम करते थे। रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम होने के कारण तीनों युवक छुट्टी लेकर हाल ही में अपने अपने घर आए हुए थे। इस दौरान सोमवार को अमरेश कुमार मरकाम की रिश्तेदारी में छठी का कार्यक्रम था। ऐसे में अमरेश ने ब्रिजेंद्र और अमन कुमार को भी बुला लिया और तीनों छठी कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। छठी कार्यक्रम में खाने पीने के बाद तीनों रात लगभग 1 बजे ग्राम महेवा में लगे आर्केस्ट्रा देखने के लिए बाइक क्र्मांक सीजी 30 एफ 2935 से निकल निकले थे। संभावना जताई जा रही है कि बलंगी मार्ग पर ग्राम पेंडारी में चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद तीनों युवक रातभर घटना स्थल पर ही पड़े रहे। मगंलवार की सुबह रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवकों को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है। इधर एक साथ तीन दोस्तों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।



घटना स्थल पर मृत युवक।



क्षतिग्रस्त बाइक।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत, एनएच 130 पर हुआ हादसा



**डांड़गांव।** बीती रात एनएच 130 पर अलकापुरी के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। महिला भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन यापन करती थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मूलतः बांगो थाना क्षेत्र के मोरगा गीधमुड़ी निवासी 63 वर्षीया कदम कुंवर पति स्व. प्रेमलाल कंवर विगत कुछ वर्षों से उदयपुर बस स्टैंड में रहकर भिक्षावृत्ति करती थी। महिला की मानसिक हालत भी ठीक नहीं थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात लगभग 1 बजे एनएच 130 पर सड़क पार करते समय महिला को अज्ञात वाहन का चालक तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर फरार हो गया। इस टक्कर के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को मर्च्युरी में रखवाया गया इसके साथ ही मंगलवार की सुबह मृतिका की पहचान होने के बाद पीएम उपरान्त लाश परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।


## शोक संदेश



### स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

“ माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। ”

**कार्यक्रम**

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पत्र होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवास: गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे





भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




ISO 9001-2015
मनुष्य के एक दांत की कीमत एक हीरे से कही ज्यादा है
## श्योर स्माइल
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्डिक सेंटर
मो. 09179880085, 09407995721

**डॉ. ए.के. दुबे**
बी.डी.एस (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन एम.बी.ए. (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि नं.- 277/A
Email : anujdubey@gmail.com

**डॉ. अंकित दुबे**
बी.डी.एस (ग्वालियर) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि नं.- CGDC/G/20/3345
Email : dankit040@gmail.com

पता - मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.), समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद

अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





















## खबर संक्षेप



### आईपीएस मयंक ने सैनिक स्कूल में दिया व्याख्यान

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल में सोमवार को अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस मयंक मिश्रा शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने अतिथि की अगवानी की। स्कूल सीसीए कैप्टन कैडेट भूपेंद्र सिदार ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। अपने संबोधन में आईपीएस श्री मिश्रा ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व और सैनिक स्कूल के कैडेटों से समाज को क्या आशाएं हैं इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कैडेटों को प्रेरित करते हुए विभिन्न विषयों पर उनसे बातचीत की एवं कैडेटों के समक्ष डायरी लेखन, संगीत, खेल, चरित्र और निष्ठा जैसे जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान कैडेट्स ने भी अतिथि से सवाल पूछे। उन्होंने व्यक्तित्व विकास, करियर संभावनाओं से लेकर पुलिस सेवा के सर्वाधिक कठिन और चुनौती पूर्ण क्षेत्र के बारे मे उनसे बात की। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कैडेट के प्रश्न के उत्तर में साइबर अपराध के प्रति स्वयं सचेत रहने एवं अपने माता-पिता को सचेत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 12 दो पहिया वाहन के साथ ही मकान और दुकान में की चोरी

# सरगुजा से लेकर रायपुर तक चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया, 4 नाबालिग समेत 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 4 नाबालिग समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सूने मकान के साथ ही सरगुजा से लेकर रायपुर तक 12 बाइक चोरियों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों ने बाइक समेत लगभग 6 लाख रुपए का सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है।

**खास बात**
- सूरजपुर और बैकुण्ठपुर में छिपाए थे सात बाइक

बताया जा रहा है कि मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरढोढ़ी निवकसी राकेश कुमार ठाकुर ने 25 व 26 अप्रैल की रात अज्ञात लोगों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर काउंटर में रखा 35 हजार रुपए नगदी और 5 नग मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस चोरी के मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 के तहत अपराध दर्ज किया था और मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम परसोडी खुर्द निवासी रोहित तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने अपने चार अन्य विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर दुकान से मोबाइल फोन और नगदी रकम चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने 4 अन्य विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर आरोपियों से चोरी किए गए 5 नग मोबाइल फोन को बरामद किया इसके साथ ही आरोपियों ने नगदी रकम को खर्च करने की जानकारी दी। बड़ी बात यह है कि आरोपी रोहित तिग्गा की पुलिस को ट्रैक्टर चोरी के मामले में लम्बे समय से तलाश थी। ऐसे में पुलिस ने शहर में हुई बाइक चोरियों के मामले में सीसीटीवी फुटेज की मिलान करने के साथ ही आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने मणिपुर, कोतवाली, गांधीनगर, लखनपुर थाना क्षेत्र के साथ ही रायपुर में 12 दो पहिया वाहनों की चोरी का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की 5 दो पहिया वाहन को बरामद किया इसके साथ ही आरोपियों ने शेष 7 नग बाइक को चोरी कर लावारिश हालत में surajpur और बैकुंठपुर क्षेत्र में छोड़ने की जानकारी दी जिसके बाद सूचना पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस द्वारा 5 व बैकुंठपुर पटना पुलिस द्वारा 2 बाइक को बरामद किया गया। वहीं आरोपियों ने मठपारा निवासी शैलेन्द्र सिंह के किराए के रूम का टाल तोड़कर एक नग घड़ी, चांदी का पायल, सोने का ज्वितिया चोरी करने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने अनुसार आरोपियों का गिरोह लम्बे समय से क्षेत्र में बाइक व सूने मकान दुकान में चोरियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने मामले में दरिमा थाना अंतर्गत परसोड़ी खुर्द निवासी 21 वर्षीय रोहित तिग्गा आ. धन्नू राम व चार विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में मणिपुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, सउनि धीरज गुप्ता, प्रधान आरक्षक महेश्वर सिंह, सतीश सिंह, आरक्षक उमाशंकर साहू, देवेंद्र पाठक, कुश सोनी, अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता, अतुल शर्मा एवं थाना लखनपुर से उनि दिलीप दुबे, थाना कोतवाली से विवेक राय, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बाइक।

### सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 3 लाख की चोरी, अपराध दर्ज



**सीतापुर।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत तीन लाख के जेवरों की चोरी को अंजाम दिया है। मकान मालिक के ससुर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत आमाटोली निवासी रामदेव राम निराला 25 अप्रैल की रात 3 बजे परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से भोपाल गया हुआ है। रामदेव राम निराला का मकान इस दौरान सूना था और घर में ताला लगा हुआ था। इस दौरान 27 अप्रैल की सुबह जब युवक का ससुर 70 वर्षीय शुभनाथ राम आ. बुधु राम अपने बेटी दामाद के घर की लाईट बंद करने गया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब वह घर में अंदर घुसा तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। ऐसे में उसने घटना की जानकारी अपने दामाद को दी। दामाद ने ससुर को बताया कि घर के आलमारी में 1 लाख 80 हजार रूपए नगद, सोने का कान का टप्स, सोने का मंगलसूत्र था जब शुभनाथ राम ने तलाश की तो नगदी रकम और जेवर गायब था ऐसे में उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## अर्बन बैंक में ऋण सीमा बढ़ाने, बकाया भुगतान का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में लिया निर्णय



**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य और पूर्व तटीय रेलवे को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक शनिवार को चेयरपर्सन एस.पी. सिंह की अध्यक्षता में बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक में राम कुमार यादव, एस.एस.भदौरिया सहित तीनों जोन के डायरेक्टर और गार्डनरीच मुख्यालय के चीफ मैनेजर मौजूद रहे।बैठक में बैंकिंग कार्यप्रणाली सुधारने और सदस्यों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि अर्बन बैंक का नया ₹परिवर्तन₹ ऐप आगामी नागपुर वार्षिक अधिवेशन 13 सितंबर में लॉन्च किया जाएगा। इसके जरिए सदस्य ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इसके अलावा डेलीगेट्स को स्मार्ट कार्ड (पहचान पत्र) वितरित किए जाएंगे और कुछ विशेष फॉर्मों पर हस्ताक्षर का अधिकार भी दिया जाएगा।बैठक में ऋण बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है, जो 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। इसमें सेवा वर्ष के अनुसार न्यूनतम 10 लाख से 15 लाख रुपए तक का ऋण मिलेगा। साथ ही, अर्बन बैंक के पुराने बकायों के भुगतान और महंगाई भत्ते को भी स्टाफ को देने का फैसला किया गया है।

## ज्ञानोदय बौद्धिक व मानसिक मंद विद्यालय का एसईसीएल महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा बौद्धिक व मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन एसईसीएल के प्रभारी महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष 1995 से श्रवणबाधित बच्चों के लिए विशेष आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया था।

संस्था ने क्षेत्र में बौद्धिक व मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों की बहुत ज्यादा संख्या और उनके शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधाओं के अभाव को देखते हुए विशेष विद्यालय प्रारंभ करने का फैसला किया है। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय का संचालन कोई आसान कार्य नहीं है। बगैर समर्पण भावना के यह कार्य संभव नहीं हैं।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह के अलावा कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश यादव, विशिष्ट अतिथि अमरेन्द्र नारायण, दीपेन्द्र सिंह चौहान एवं अन्य अतिथियों का श्रवणबाधित विद्यालय की बालिकाओं द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में श्रवणबाधित विद्यालय के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उदघाटन अवसर पर दो मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों का प्रवेश आवेदन फार्म भी भरा गया। बौद्धिक विकासात्मक दिव्यांग विशेष विद्यालय का प्रभार मानसिक मंदता क्षेत्र की विशेषज्ञ राधारानी नन्दी को दिया गया है। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन एवं सिद्धार्थ तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्याम घोषाल, श्यामा पाण्डेय, ब्लाक रिसोर्स पर्सन संध्या तिवारी, सूरज सेठी, राजेन्द्र पासवान उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के रीना सोनी, सुलेखा पैकरा, अधीशनाथ सिंह, सीमा भगत, अनिता राजवाड़े, संगीता गुप्ता, जीवन ज्योति, सुजाता देवनाथ, गंगा साहू सक्रिय रहे।

ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM

अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...

Scan here for details

SELECT. RIDE. CELEBRATE.

Ride home a Royal Enfield this festive season. EMI starting at 1,888 per lakh.*

ALL-NEW GUERRILLA 450 | HIMALAYAN 450 | HUNTER 350 | METEOR 350 | NEW CLASSIC 350 | BULLET 350



Visit your nearest Royal Enfield Store to know more about personalised offers. *T&C apply.

तन्मय मोटर्स | भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर ✆- 8839213489, 8839543464

## खबर संक्षेप

### 5 वीं, 8 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषणा में देरी से विद्यार्थियों में असमंजस

**बिश्रामपुर।** लंबे अंतराल के बाद इस शैक्षणिक सत्र में पुनः आरंभ की गई कक्षा 8 वीं और 5 वीं की सीजी बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के भविष्य के लिए अहम साबित होनी थीं, लेकिन परिणाम जारी होने में हो रहे विलंब ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को असमंजस में डाल दिया है। सीजी बोर्ड परीक्षा संपन्न हुए कई सप्ताह बीत चुके हैं, बावजूद इसके अब तक उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। इससे न केवल छात्र-छात्राएं बल्कि शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय शालाओं में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों ने उम्मीद जताई थी कि समय पर परिणाम जारी होंगे और उन्हें अगले शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया सहज रूप से पूरी करने का अवसर मिलेगा, लेकिन अब स्थिति यह है कि परिणामों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। परिणामों की अनिश्चितता के चलते बच्चों का मनोबल प्रभावित हो रहा है और वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि परिणामों के देर से आने से आगामी सत्र की तैयारी प्रभावित हो रही है। विद्यालयों को कक्षा निर्धारण, पुस्तकों की योजना जैसे कई कार्य परिणामों पर निर्भर होते हैं। यदि जल्द ही स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो शैक्षणिक कार्यों में भारी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अभिभावक संघ के सदस्यों ने इस मामले में शिक्षा विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग इस स्थिति पर शीघ्र संज्ञान लेकर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण करवाया जाना चाहिए।

### मृतका की हुई पहचान, बृजनगर जंगल में मिला था प्रेमी जोड़े का शव

**बिश्रामपुर।** ग्राम बृजनगर के जंगल में सोमवार की सुबह जंगल में प्रेमी युगल के शव एक साथ लटके मिलने मामले में युवती की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम बृजनगर निवासी 20 वर्षीय छोटू सिंह पिता बली सिंह गोंड द्वारा पांच दिन पूर्व अपनी प्रेमिका को घर में लाकर रखा हुआ था। इसके पश्चात दोनों प्रेमी युगल गत दिनों 26 अप्रैल को घर से पैदल ही निकले थे, जिनका शव सोमवार को घर से करीब दो किलोमीटर दूर घाघीकोन्हा जंगल में एक पेड़ में एक ही दुपट्टे में लटकता हुआ पाया गया था। मामले में मंगलवार को पुलिस ने युवती की शिनाख्त गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी 17 वर्षीय कमला राजवाड़े पिता रामचंद्र राजवाड़े के रूप में कर ली है। पुलिस द्वारा मामले में नाबालिग युवती के शव को परिजन के सुपुर्द कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### नपं सीएमओ की रिपोर्ट पर इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 के किनारे स्थित व्यवसाइयों व दूकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने नाली व सड़क तक सामानों को बाहर रख आवागमन अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा और उनकी टीम कार्यवाही करने कुछ दिनों पूर्व मुख्य मार्ग पर निकली थी, उक्त कार्यवाही दौरान राजस्व अमले के साथ बत्तमीजी करने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स दूकानदार के खिलाफ शिवनन्दनपुर सीएमओ की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 221 के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना गत 24 अप्रैल की बताई गई है।आरोप है कि प्रशासन की टीम जब दुकानदारों के खिलाफ अर्थदंड की कार्यवाही करते हुए नगर के मुख्य मार्ग स्थित स्वागत इलेक्ट्रॉनिक्स पहुंची तब दुकान का संचालक बजरंग अग्रवाल आत्मज सुभाष अग्रवाल द्वारा शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाते हुए राजस्व टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया गया एवं कार्यवाही के दौरान सीएमओ शिवनन्दनपुर पर गलत तरीके से पैसे की मांग करने का आरोप लगाते कार्यवाही बाधित किया गया।प्रार्थी सीएमओ सुनील सिन्हा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यो के निर्वहन में बाधा डालने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। बता दें कि इस घटना के बाद शिवनन्दनपुर सीएमओ श्री सिन्हा ने पूरे मामले की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर से करते हुए कार्यवाही की मांग की थी जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध दर्ज कर लिया है।

## निधन

### महेन्द्र प्रताप सिंह



**अम्बिकापुर।** गोधनपुर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह का 60 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। सोमवार को अचानक तबियत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हृदयघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

# लालमाटी जंगल में लगी आग, झुलसे पेड़-पौधे



लालमाटी जंगल में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लगे लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र के लालमाटी जंगल आग लगने से छोटे बड़े पौधे झुलस गए। हालांकि वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिस तरह से जंगल में आग लगी थी उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगजनी असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई थी।

**खास बात**

- असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाने की आशंका

गर्मी के इस मौसम में जंगल में आग लगने की लगातार घटनाएं हो रही है। जिले में एक माह के भीतर ही एक दर्जन से अधिक आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। जंगल में आग लगने के पीछे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जागरूकता की कमी है।

गर्मी का मौसम आते ही जंगलों में आग लगना आम बात हो गई है जहां वन विभाग की टीम आग में काबू पाने विवश नजर आ रहा है। तेज हवा और सूखे लकड़ी व पत्ता के कारण जंगल में आग तुरंत फैल जा रही है। जंगल में आग लगने के कारण एक ओर जहां प्रकृति को नुकसान हो रहा है वहीं जंगली जानवरों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं गत दिन एनएच 43 से लगे लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र लालमाटी जगह में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। इधर जंगल में आग लगने की जानकारी लगते ही वन अमला मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**महुआ बीनने लगाते है आग**

ग्रामीणों में जागरूकता की कमी के कारण ही जंगल में आगजनी की घटनाएं होती है। गर्मी के दिनों में महुआ बीनने के लिए ग्रामीण पेड़ के नीचे सफाई करने के लिए आग लगा देते है। ऐसे में पेड़ के नीचे आग लगा देने से सूखे पत्ते तो जल जाते है लेकिन वहीं आग देखते ही देख जंगल के अन्य क्षेत्र में फैल जाती है।

### गौठान में लगी आग, बाल-बाल बची मवेशियों की जान

**मैनपाट।** गमी के इस मौसम में जंगलों में आग लगने की घटना जहा आम हो गई है। जिले के किसी न किसी जंगल या बांस प्लांटेशन में आगजनी की घटनाएं होती है। लोगों में जागरूकता की कमी से जंगल व प्लांटेंशन में आगजनी की घटनाएं होती है लेकिन जंगल से दूर गौठान में आग कैसे लग सकती है। यह समझ से परे है। बीती रात मैनपाट के आमगांव स्थित गौठान में आग लग गई। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मैनपाट क्षेत्र के ग्राम आमगांव स्थित गौठान में गांव के बड़ी संख्या में किसान अपने मवेशियों छोड़ते है। साथ ही कुछ किसान गौठान में ही मवेशियों का बांध देते है। गौठान के मवेशी बांधने वाली झोपडी में अचानक आग लग गई। इधर आग लगने की जानकारी लगते ही गांव के लोगों ने तत्काल मवेशियों को किसी तरह खोल कर बाहर निकाल जिससे मवेशियों की जान बच गई लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई तक तक मवेशियों का कोठार जलकर खाक हो चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गौठान में कोई असामाजिक तत्वों द्वारा ही आग लगाई गई है। गौठान में विद्युत कनेक्शन नहीं है जिससे शॉट सर्किट होने की संभावना भी नहीं है। बहरहाल गौठान में कैसे आग लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका।





# किसान सम्मेलन में शामिल हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 7 रिंग रोड में मां कुदरगढ़ी एग्रो द्वारा बनवाए गए कोल्ड स्टोरेज शुभारंभ के अवसर पर विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन कृषि मंत्री राम विचार नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, बाबूलाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में आयोजित किया गया श्री नेताम ने कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न सामग्रियों का वितरण कृषकों को किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज का खुलना किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है।

इस अवसर पर श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि को विशेष प्राथमिकता के क्रम में रखा गया है। किसानों के विभिन्न उत्पादों के भंडारण का उचित मूल्य मिले इसके लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिए विशेष छूट दी जाती है। किसान खुशहाल एवं समृद्ध हो इसके लिए लगातार प्रयास केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सामाजिक विचारक एवं चिंतक बजरंग मुनि ने कहा कि 60 वर्ष पहले मैं रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रहा था तब मैंने कृषि कार्य करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष से इस्तीफा देकर कृषि कार्य की शुरुआत की थी। मेरे पूरे परिवार के सदस्य इस कार्य में लगे थे आज मुझे खुशी हो रही है कि जहां से मैं कृषि कार्य की शुरुआत की थी वही आज सैकड़ों किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार हो गया है जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि व्यापार बढ़ता है तो शहर भी बढ़ता है। निश्चित रूप से कोल्ड स्टोरेज का यहां खुलना क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने श्री नेताम द्वारा क्षेत्र के तरक्की एवं विकास कार्य करने के लगातार प्रयास करते रहने की सराहना की। कन्हैयालाल अग्रवाल ने कहा कि किसानों एवं व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव, चौक बनाने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में ब्राम्हण समाज द्वारा बड़े धूमधाम एवं भक्तिभाव से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। दुर्गा मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई। इसके साथ ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम के नाम पर चौक निर्माण की मांग करते हुए सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ब्राह्मण समाज ने बिजली ऑफिस चौक को भगवान परशुराम चौक बनाने की मांग की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष केपी त्रिपाठी, सचिव उदयनाथ ओझा, सुशील मिश्रा, नागेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, रोहिताश शर्मा, इंद्रदेव दुबे, कमलेश त्रिपाठी, धर्मेंद्र शर्मा, हेमनाथ शुक्ला, धीरज त्रिपाठी, पंकज दुबे समेत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य मंत्री ने किया जीडी गोयनका हेल्थ केयर एकेडमी का उद्घाटन

**अंबिकापुर।** संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के बैनर तले शहर में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत के रूप में जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए और उन्होंने फीता काटकर एकेडमी का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक डॉ. लता गोयल, डॉ. संजय गोयल ने बताया कि जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी अंबिकापुर में विश्व स्तरीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण लैब स्थापित की गई है जिसमें बच्चों को रोज प्रशिक्षित एक्सपर्ट शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाएगा। अकादमी में पैरामेडिकल कोर्स एवं हेल्थ केयर मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत की जा रही है जिसका संचालन जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा गुरुग्राम के यूनिवर्सिटी के द्वारा संचालित की जाएगी एवं उच्चतम सुविधाओं के साथ उन्हें स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल में काम करने के लिए अनुकूल बनाया जाएगा। जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी अंबिकापुर का लक्ष्य स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा और व्यावसायिक कौशल प्रदान कर सशक्त बनाना है। यह एकेडमी अंबिकापुर को हेल्थकेयर एजुकेशन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने की दिशा में एक अहम कदम है। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित अन्य मौजूद थे।




**हेल्थ/बिजनेस प्लस**



## सरगुजा संभाग में पहली बार एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुण्ड्रा रोड स्थित बटवाही में सरगुजा संभाग में पहली बार एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क जल्द ही शुभारंभ होने जा रहा है अम्बिकापुर के निकट स्थित एक्वा वर्ल्ड इस गर्मी में शहरवासियों और आसपास के पर्यटकों के बीच अभी से काफी लोकप्रिय हो रहा है।

जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यहां पर्यटकों के लिए आधुनिक डिजाइन और शानदार थीम पर आधारित जलक्रीडा सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस संदर्भ में मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण एवं ऑपरेशनल मैनेजर संजय सर ने बताया कि डॉ. गौरव नारायण अग्रवाल की दूरदृष्टि के परिणाम स्वरूप यह सौगात सरगुजा संभाग को मिला है जिसमें क्षेत्र के लोगों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा साथ ही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अम्बिकापुर शहर एवं आसपास के इलाकों के लोग बड़ी उत्सुकता से इसका इंतजार कर रहे है, जिसमें पर्यटकों को विशाल वेवपूल और मल्टी लेन वाटर स्लाइड, रेन डांस फ्लोर पर डीजे के धुन पर थिरकने का मौका मिलेगा। बच्चों के लिए अलग किड्स जोन और स्लाइड्स, सरप्लस और फोटोजेनिक उत्कृष्टता और फूड कोर्ड में विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगी।

वाटर पार्क के सौंदर्यीकरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क के अग्रीम बुकिंग हेतु मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण से इस नंबर 9308498444 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विद्युत विभाग के सीई, एसई ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कार्पोरेशन के तत्कालीन चीफ व सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने अब धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अधिकारीयों और तेहेकेदार ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कर्मचारियों के वेतन, ईपीएफ राशि का बन्दरबांट किया। ठेकेदार और अधिकारियों पर 1 करोड़ 82 लाख रूपए से अधिक के धोखाधड़ी का आरोप है।

- 1.82 करोड़ रूपए के गबन का मामला, न्यायालय के निर्देश पर दर्ज हुई प्राथमिकी

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी द्वारा कोतवाली थाने में मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशक जांच रिपोर्ट के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्त्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होता है। नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, सितंबर 2020, अक्टूबर 2020, नवंबर 2020, दिसंबर 2020, जनवरी 2021, फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया। वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ईपीएफ, ईएसआईसी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक पारित करने से फर्म को लगभग 1 करोड़ 82 लाख 86 हजार 907 रुपए का अधिक भुगतान होना दृष्टिगत हुआ है। उपरोक्त फर्जी भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत साजिश है तथा कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से किया गया है जो कि कार्यपालन निदेशक की जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है। थाना में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय में परिवाद दायर किया था। मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रकरण की सुनवाई में ने भी यह माना की प्रथम दृष्टया यह दर्शित हो रहा है की उपस्थिति पत्रक ईपीएफ और ईएसआईसी के दस्तावेजों का सत्यापन किए बगैर स्वीकृत राशि से अधिक राशि का भुगतान किया गया। ऐसे में डॉ. डी.के. सोनी की ओर से प्रस्तुत आवेदन 156(3) दप्रसं स्वीकृत करने के साथ ही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने थाना अंबिकापुर को यह भी आदेशित किया था कि उक्त मामले में प्रारंभिक जांच कर अपराध दर्ज किया जाए। कोर्ट के निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन के तत्कालीन सीई डीएस भगत, एसई राजेश लकड़ा एवं ठेकेदार प्रभोजत सिंह भल्ला के विरुद्ध धारा 409, 419, 420, 468, 471 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर 03**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर सिंह आ. स्व. मदन सिंह निवासी रिंग रोड, नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/11 रकबा क्रमशः 10120 वर्गमीटर (1.012 हे.) में से रकबा 0.4228 हे. (4228.52 वर्ग मी.) भूमि को अनावेदकगण कु. कल्पना मिश्रा आ. दिलीप कुमार मिश्रा एवं अन्य 26 निवासी बौरीपारा, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 15.05.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-03**

HOSPITAL Caring for You
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
5 Decade Caring for you TEJ Tej Diagnostic Group (A unit of MRMH Pvt. Ltd.)
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

# मवेशी तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, पिकअप और कार जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर




पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी से छह रास बैल जब्त किया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पशु तस्करों द्वारा सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र से पिकअप में मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में नाकाबंदी कर पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान एक कार थाने के सामने लगे नाका प्वाइंट को टक्कर मारकर भागने लगी जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया। इसी दौरान कार के पीछे एक पिकअप वाहन भी आ रहा था जो भागने लगा। पीछा करने के दौरान पुलिस से बचने के लिए पिकअप वाहन के चालक ने दलधोवा चौक से ग्राम तरखाखाड़ ककी ओर महुआ जंगल में वाहन को छोड़कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस ने पिकअप से 6 रास बैल को बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने कार चालक झारखण्ड के गढ़वा अंतर्गत रंका खपरा निवासी 25 वर्षीय समसेर आलम आ. मुस्ताक अंसारी को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मामले में पिकअप क्रमांक जेएच 19 डी 0833 व कार क्रमांक जेएच 01 एफजी 4436 को जब्त किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छग कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्रवाई की है।


अक्षय तृतीया एवं
शुभ अक्षय तृतीया
भगवान श्री
परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलोक दुबे
पार्षद
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कैलाश मिश्रा
जिला संयोजक
भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, संघ सरगुजा


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष उपाध्याय
अध्यक्ष
राजस्व निरीक्षक संघ सूरजपुर
सौजन्य - लक्ष्य, उज्जवल, तनय, आकृति उपाध्याय
श्री सदन डी.सी. रोड अम्बिकापुर (छ.ग.)


जय जय परशुराम जय जय परशुराम जय जय परशुराम
भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विकास पाण्डेय
पार्षद - वार्ड क्र.29 न.पा.नि. अम्बिकापुर
जिला मंत्री - भाजपा सरगुजा
अध्यक्ष - सरगुजा कुश्ती संघ


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.सी.के. मिश्रा
जिलाध्यक्ष
राजपत्रित अधिकारी, संघ सरगुजा


अक्षय तृतीया एवं
भगवान
श्री परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अभिषेक शर्मा
अधिवक्ता, टैक्स
जिला सहकोषाध्यक्ष - भाजपा सरगुजा
प्रदेश सह संयोजक - आर्थिक प्रकोष्ठ छ.ग.
संयोजक- विप्र जन चेतना मंच


भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...
NEW SUDHIR TRADERS
न्यू सुधीर ट्रेडर्स
बनारस रोड, अम्बिकापुर
मो. 9754449955


भगवान विष्णु के छठवें अवतार
भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज पाठक
B.Architect
प्राची पाठक
B.Architect
कांसेप्ट एसोसिएट्स
सदर रोड, इमलीपारा, अम्बिकापुर, मो.- 98261-81910


भगवान
परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
शरद चन्द्र द्विवेदी
मंडल उपाध्यक्ष
भाजपा मंडल जरही एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि
अनुराग द्विवेदी
जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजयुमो, सूरजपुर
दिक्षा द्विवेदी
अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)


भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सतीश मिश्रा (लवली)
मनीष मिश्रा (गुंजन)
mahindra
Rise
शास्त्री ऑटो मोबाईल्स
(महिन्द्रा ट्रैक्टर्स - सेल्स, सर्विस, इम्पलीमेंट्स)
खरसिया नाका, रिंग रोड, महामाया मंदिर मार्ग, अम्बिकापुर
Mob.: 9826876896, 7869007475
ब्रांच : सीतापुर, लखनपुर, उदयपुर, मैनपाट, बतौली, लुण्ड्रा, दरिमा

29 Ambikapur-bhoomi-pg 6_Layout 1 4/29/2025 10:20 PM Page 1



## गिरे ओले, गर्मी से मिली लोगों को राहत

# विक्षोभ की सक्रियता से चली धूल भरी आंधी, हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से शहर सहित जिलेभर में बारिश और हल्की ओला वृष्टि हुई। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चली। हालांकि इस दौरान सोमवार की तुलना में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन आने वाले दिनों में भी इसी तरह धूलभरी अंधड़ के साथ ही गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है। वहीं बारिश व धूल भरी आंधी शुरू होने के साथ ही विद्युत सप्लाई भी बंद हो गई। इस दौरान बीच बीच में बिजली की आवाजाही जारी रही।

**खास बात**

- 35 .8 डिग्री दर्ज किया गया अधिकतम तापमान



बारिश से तरबतर सड़क।

बता दें कि विगत तीन दिनों से पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से आसमान में बादल छाए हुए है और जगह जगह ओलावृष्टि के साथ ही बारिश हो रही है। सोमवार को भी उदयपुर क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ ही बारिश हुई थी। वहीं मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। इस दौरान दिन में तेज धूप रहा जबकि दोपहर बाद आसमान में बादल छाने से लोगों को राहत मिली। इस बीच शाम लगभग 5 बजे से अचानक ही आसमान में घने बादल छा गये और तेज हवाएं चली। शहर में कुछ देर तक 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवाएं चली। धूल भरी आंधी के बाद अचानक ही बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई। आसमान से चने के आकार के ओले गिरे। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक बारिश हुई जिसके बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली।

इस दौराम मौसम विभाग द्वारा अधिकतम तापमान 35.8 व न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान घटकर 32.2 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ऐसे में अधिकतम तापमान में मंगलवार को 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ से केरल तक द्रोणिका का प्रभाव है। इसके साथ ही आसाम, बांग्लादेश, राजस्थान में चक्रवाती परिसंचरण है। इसके साथ ही पछुआ विक्षोभ के साथ ही बीच बीच में दक्षिण पूर्वी भी हवा चली। पश्चिम से आ रही हवाओं के साथ नमी आने के कारण ही बादल बन रहे है और बारिश हो रही है। मौसम में हुए इस बदलाव को लेकर मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले दो दिनों तक धूल भरी आंधी, गरज चमक के साथ बारिश होने होगी इसके साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं 2 मई को पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव होगा।

## दो दिन से बदला मौसम का मिजाज



**प्रतापपुर।** क्षेत्र में लगातार दो दिन से मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह धूप निकलने तथा दोपहर बाद मौसम बदलने के साथ ही आंधी तूफान एवं बारिश हुई। मौसम में अचानक बदलाव होने के साथ ही तेज हवा तूफान चलने लगी जिससे फ्लेक्सी बोर्ड उड़ गए वहीं कई जगह पेड़ के डंगाल टूटकर गिर गए जिससे कई घंटे बिजली बाधित रही। क्षेत्र में हुई बारिश से बढ़ती गर्मी और उमस के बीच में आज मौसम में अचानक मौसम का मिजाज बदला और देर शाम तक तेज हवा तूफान के साथ बारिश होने लगी। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशीला कफ सिरप तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 30 नग कफ सिरप, बाइक और मोबाइल फोन जब्त किया है। बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डिंडो निवासी सुनील कुमार भारी मात्रा में कफ सिरप लेकर बिक्री के लिए ला रहा है। सूचना के बाद पुलिस द्वारा डिन्डो कुलूडीह जाने वाली मेन रोड करबला के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 3526 के चालक सुनील कुमार की बाइक की डिक्की से प्लास्टिक बोरा में रखा हुआ 30 नग प्रतिबंधित कफ सिर्फ बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने डिंडो के सोयब अख्तर द्वारा नशीला कफ सिर्फ उपलब्ध कराने की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने सोएब अख्तर को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम ठाकुरपारा निवासी 22 वर्षीय सुनील भारती आ. गणेश राम, मस्जिद पारा निवासी शोएब अख्तर अली उर्फ सैयद आ. सुलतान को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (सी) के तहत गिरफ्तार कर कफ सिरप, बाइक और मोबाइल फोन जब्त किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी डिंडो गजपति मिर्रे, सउनि जुनास केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, शिवभजन पोर्ते, शिवनरायण सिंह, नन्दलाल गोस्वामी, अशोक कुमार चौकी के अन्य स्टाफ सक्रिय रहे।




# डंपर से टक्कर के बाद घर में जा घुसा ट्रेलर

**सीतापुर।** मंगलवार की अल सुबह ट्रेलर और डम्पर वाहन में टक्कर के बाद तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर लोगों सड़क किनारे लोगों के घर के बाउंड्री वाल में जा घुसा। एनएच 43 पर हुई इस घटना में ट्रेलर चालक को गंभीर चोट आने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही ट्रेलर की टक्कर से लोगों के घर का छज्जा, बाउंड्री वाल के साथ ही तीन वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल पुलिस द्वारा ट्रेलर को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

- घर के बाउंड्रीवाल, तीन कार को पहुंचा नुकसान

बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह एक डम्पर वाहन अंबिकापुर की ओर जा रहा था जबकि ट्रेलर वाहन अंबिकापुर की ओर से आ रहा था। इस दौरान लगभग 5 बजे डैफोडिल्स स्कूल के सामने एनएच 43 पर साइड लेने के दौरान दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद डम्पर चालक को वहां से भाग निकला लेकिन ट्रेलर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन बांयी ओर मौजूद विद्युत खंभे से टकराते हुए एनएच किनारे मौजूद घर के बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए घर में जा घुसा। गनीमत रही कि घर के बाहर बने छज्जा और कार पार्किंग के लिए लगे शेड के लोहे के पाईप से टकराकर वाहन रुक गया लेकिन इस घटना में मौके पर मौजूद तीन वाहन क्षति ग्रस्त हो गए। दुर्घटना में महेंद्र अग्रवाल और कैलाश अग्रवाल के घर, राजेश अग्रवाल के थार, कैलाश अग्रवाल के निक्सोन व घनश्याम अग्रवाल की सेल्टॉस कार को नुकसान पहुंचा है। बड़ी बात यह है कि घटना नगर के बीच सबसे व्यस्त मार्ग में हुई। यदि यह घटना एक घंटे बाद होती तो सड़क पर लोगों की भीड़ होने के कारण बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा ट्रेलर में फंसे चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही ट्रेलर को जब्त कर धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।









